संपादकीय

newsjankalyanseva@gmail.com

# जनकल्याण सेवा

साप्ताहिक

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ७ | ६ से १२ मार्च २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024



संपादक सीमा गुप्ता

## डिजिटल की दुनिया

डिजिटल दुनिया में एक ओर जहां बेहद उपयोगी विचार, बहसें और अन्य सामग्रियों से लोग रूबरू हो रहे हैं, वहीं कुछ लोगों की वजह से बहुस्तरीय परेशानियां भी खड़ी हो रही हैं। आधुनिक तकनीकी के विस्तार के साथ अब इसमें कोई दो राय नहीं है कि आने वाले वक्त में कामकाज से लेकर बहुत सारी दूसरे क्षेत्रों में डिजिटल निर्भरता बढ़ने वाली है। खासतौर पर सूचना और संचार के संदर्भ में इंटरनेट तक लोगों की बढ़ती पहुंच ने दुनिया के दायरे को छोटा बनाया है और इसी मुताबिक विचारों की अभिव्यक्ति के नए फलक भी खोले हैं। सोशल मीडिया के अलग-अलग मंच और उनके उपयोगकर्ताओं की तादाद में लगातार बढ़ोतरी से यह पता चलता है कि ज्ञान अर्जित करने से लेकर विचारों को जाहिर करने तक के लिए नए दरवाजे तो खुले हैं, मगर इसके साथ ही कई स्तरों पर जिम्मेदारी की भी जरूरत महसूस की जाने लगी है। दरअसल, सोशल मीडिया के मंचों ने अपने उपयोगकर्ताओं को अपने विचार जाहिर करने से लेकर अन्य गतिविधियों के लिए जगह तो मुहैया कराई है। लेकिन किसी अवांछित परिस्थिति के पैदा होने पर इसके लिए जिम्मेदारियों के निर्धारण की प्रक्रिया अब तक ठोस शक्ल नहीं ले सकी है। निश्चित तौर पर कुछ उपयोगकर्ता इसका बेजा इस्तेमाल करते हैं और ऐसे लोगों के खिलाफ शिकायत आने पर संबंधित सोशल मीडिया के नियंत्रक अपने स्तर पर निपटते भी हैं। लेकिन अगर शिकायत के कठघरे में खुद कोई सोशल मीडिया का मंच हो, तो ऐसी समस्या के हल के लिए भी एक तंत्र की जरूरत महसूस की जाती रही है। इसी के मद्देनजर मंगलवार को सरकार की ओर से एक शिकायत अपीलीय समिति की शुरुआत की गई, जो सोशल मीडिया मंचों के फैसलों के खिलाफ उपयोगकर्ताओं की अपीलों पर गौर करेगी। उम्मीद की जा रही है कि इस समिति के जरिए उपयोगकर्ताओं के प्रति डिजिटल मंचों की जवाबदेही सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। यह एक ऐसी आनलाइन समाधान प्रणाली है, जिसमें मेटा यानी फेसबुक या ट्विटर जैसे मध्यस्थ मंचों के शिकायत अधिकारी के फैसले से पीड़ित कोई उपयोगकर्ता इससे संबंधित शिकायत दर्ज करा सकता है। सरकार की ओर से इसका मकसद यह बताया गया है कि शिकायत समाधान प्रणाली लोगों के प्रति जवाबदेह हो। यह सही है कि सोशल मीडिया के मंचों पर किसी फर्जी नाम वाले खाते से या फिर इसी तरह के अन्य स्रोतों का सहारा लेकर कई बार अवांछित हरकतें या गतिविधियां की जाती हैं। अगर इसके खिलाफ संबंधित मंचों के कार्यालयों में शिकायत भेजी जाती है तो वहां से जरूरी कार्रवाई होती है। लेकिन ऐसा भी देखा गया है कि कई बार सोशल मीडिया का कोई मंच खुद मनमाने फैसले लेने के आरोपों के कठघरे में खड़ा होता है। ऐसी स्थिति में अब उपयोगकर्ता के पास एक तंत्र है, जहां वह किसी सोशल मीडिया मंच के फैसले पर शिकायत दर्ज करा सकता है। डिजिटल दुनिया में एक ओर जहां बेहद उपयोगी विचार, बहसें और अन्य सामग्रियों से लोग रूबरू हो रहे हैं, वहीं इसकी उपयोगिता का फायदा उठाने वाले कुछ लोगों की वजह से बहुस्तरीय परेशानियां भी खड़ी हो रही हैं। दूसरी ओर, इंटरनेट मध्यवर्ती कंपनियों की ओर से भी बड़ी संख्या में उपयोगकर्ताओं की शिकायतों को अनसुना किए जाने या फिर असंतोषजनक समाधान देने के मामले भी सामने आ रहे थे। जाहिर है, ऐसे में जिस इंटरनेट को ज्ञान और सुविधा के नए आकाश के तौर पर देखा जाता है, उसमें यह एक तरह से बाधक तत्त्व के रूप में काम करता है। इसलिए इंटरनेट को मुक्त, सुरक्षित, विश्वसनीय और जवाबदेह बनाने के मकसद से की गई ताजा पहल बेहद अहम है। मगर यह भी ध्यान रखने की जरूरत होगी कि कोई भी नई व्यवस्था नागरिकों की अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता के समांतर उन पर निगरानी और अंकुश का जरिया न बने।

## दहेज का शिकार हुई अस्मिता, ससुरालवालों पर मामला दर्ज

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड: हमारे देश में दहेज प्रथा बेटी के लिए सजा बन चुकी है ना जाने कितनी बेटियां रोज इसका शिकार हो रही है. सरकार के लाख कोशिशों के बाद भी ये प्रथा खत्म नही हो रही है। हमारे देश में कुप्रथाएं किसी न किसी रूप में समाज में मौजूद हैं। कुप्रथाओं की इन्हीं फेहरिस्त में दहेज प्रथा भी शामिल है। दहेज प्रथा के कारण कई बेटियो को अपनी जान गवानी पड.रही है ऐसा ही एक मामला मीरा रोड से उभरकर सामने आ रहा है . जहा अस्मिता नाम की महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थीं जब ससुराल वालो ने अस्मिता को फंदे से लटकता देखा तो उन्होंने उसे फंदे से उतारकर मीरा रोड स्थित वोखार्ड हॉस्पिटल ले गए डाक्टरों ने जांच कर बताया की अस्मिता की आधे घंटे पहले ही मौत हो चुकी है। फिर अस्मिता के ससुराल वालो ने उसके पिता अमर मिश्रा को फोन कर अस्मिता के मृत्यु की खबर दी। आनन फानन में अमर मिश्रा वोखार्ड हॉस्पिटल पहुंचे और बेटी का शव देखकर काशीमीरा पुलिस को अस्मिता के साथ कोई अप्रिय घटना घटने की जानकारी दी तब पुलिस ने उनकी बात नही मानी और ऐडीआर के तहत मामला दर्ज कर मामले को रफा दफा करने की कोशिश की जब अस्मिता के पिताजी तीन दिनो तक पुलिस स्टेसन के चक्कर लगा कर थक गए तब उन्होंने सोसल मीडिया का सहारा लेते हुए कई पत्रकारों, स्थानीय नेताओं और समाजसेवको से गुहार लगाई तब जाकर पुलिस ने अस्मिता के पति समेत पूरे ससुराल वालो के खिलाफ आईपीसी की धारा ३०४ बी, ४९८ ए, ३०६, ४२०, ४०६, ३१३, ३२३, ४०६,५०६, ३४, के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## गाड़ियां चुरानेवाले गिरोह का पर्दाफाश, मधुकर पांडे के मार्गदर्शन में आरोपी पहुंचे हवालात में

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस की क्राइम ब्रांच यूनिट १ ने एक ऐसे अंतर्राजीय गिरोह का पर्दाफाश किया है जो दूसरे राज्यों से वाहनों को चोरी कर राजस्थान में पुन: रजिस्ट्रेशन कराकर नए नंबर से उन्हें बेच देता था। पुलिस ने रुपए ४.७५ करोड़ कीमत की ५३ वाहनों को बरामद किया है। पुलिस ने महाराष्ट्र सहित दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के २२ मामलों को सुलझाने का दावा किया है। पुलिस मीरा रोड से राजस्थान के बीच ३००० से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की है। इस केस को सुलझाने में पुलिस को तक़रीबन २ महीने लग गए। पिछले साल २५ दिसंबर को विनायक नगर, काशीमीरा में रहने वाले ४७ वर्षीय ड्राइवर विनयकुमार हीरालाल पाल ने अपनी वाहन चोरी की शिकायत काशीमीरा पुलिस स्टेशन में धारा ३७९ के तहत दर्ज कराई थी। पाल ने कहा था की उसके





स्वामित्व वाली एक आयशर कंपनी १११० मॉडल टेम्पो नंबर एमएच०४ /८३०८ उसके सोसाइटी के सामने सडक़ से चोरी हो गया है। इसी चोरी की घटना की समानान्तर जाँच काशीमीरा पुलिस के साथ साथ क्राइम ब्रांच यूनिट १ भी कर रही थी। घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज देखने से प्राप्त जानकारी के तकनीकी विश्लेषण के अनुसार आरोपियों फारूक तैयब खान (उम्र ३६ वर्ष) और मुबीन हारिस खान (उम्र ४० वर्ष), दोनों का बिजनेस ड्राइवरी, और निवासी गांव फखरूद्दीनका, तहसील तिजारा, जिला अलवर, राजस्थान को राजस्थान पुलिस की मदद से ८ जनवरी को गिरफ्तार किया गया, मधुकर पांडेय, पुलिस आयुक्त ने बताया।गिरफ़्तार आरोपियों से पुलिस को पता चला कि इसके पीछे कोई बडा गिरोह सक्रिय है। उसके बाद पुलिस ने १४ पुलिसकर्मियों की टीम बनाई। टीम को जांच के लिए राजस्थान, गुजरात, हरियाणा राज्यों में भेजा गया था। कमिश्नर पांडेय ने बताया कि, पुलिस ने मीरा रोड से लेकर राजस्थान तक तक़रीबन ३००० सीसीटीवी कैमरों को जांच के दौरान खंगाला। जांच के दौरान पुलिस को चोरी के एक ट्रक पर टोल बूथ पर टोल चुकाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले फास्टैग के बारे में जानकारी मिली. आपराधिक जाँच में गिरफ्तार अभियुक्तों ने गुजरात, राजस्थान और हरियाणा राज्यों के १२ अन्य अभियुक्तों के साथ महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली आदि राज्यों से टेंपो/ट्रकों की चोरी करते थे। जांच में यह भी पाया गया कि ट्रैफिक विभाग और गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में पुन: पंजीकृत कराया गया। कुल ५३ वाहनों को जब्त किया गया जिनका बाजार आंकलन तक़रीबन रु.४,५०,००,०००/- है. ५३ वाहनों में ४८ आयशर टेंपो, ०२ टाटा टेंपो, ०१ अशोक लीलैंड टेंपो एवं ०२ क्रेटा कार जब्त की गई है तथा महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली में २२ अपराध का खुलासा हुआ है तथा जब्त ट्रकों के मूल मालिक को बुलाया गया है तथा जिनके मूल मालिक नहीं मिले हैं उनकी तलाश की जा रही है, आयुक्त पांडेय ने कहा।

## मनपा की २१ वीं वर्षगांठ पर मनपा का कामकाज रहा ठप्प, मायुस होकर लौटी जनता

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। मीरा- भायंदर महानगरपालिका के २१ वें स्थापना दिवस पर अघोषित छुट्टी रही। कामकाज बंद रख मनपा कर्मी सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी कलाकारी की झलक दिखाई।काम कराने के लिए मनपा के दफ्तरों में पहुंचे नागरिकों को खाली हाथ लौटना पडा।अघोषित छुट्टी के कारण मुख्यालय,प्रभाग आदि कार्यालय में सन्नाटा छाया रहा। मीरा-भायंदर मनपा की स्थापना २८ फरवरी २००२ को ही थी। २१ वीं वर्षगांठ के मौके पर मीरा-भायंदर मनपा की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम -जल्लोष २०२३'लता मंगेशकर नाट्यगृह में रखा गया था।इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से मनपा के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को शामिल रहने का आदेश प्रशासक दिलीप ढोले ने निकाला



था।नतीजा यह हुआ कि मनपा मुख्यालय,सभी प्रभाग कार्यालय आदि में दिन भर कामकाज बंद रहा।मनपा स्कूलों में छुट्टी दे दी गई थी।इसकी सूचना पब्लिक को नहीं थी। लोग काम करवाने के लिए जब मनपा के दफ्तर पहुंचे दरवाजे बंद मिले। मायूस होकर लोगों को घर लौटना पडा। प्रतिक्रिया के लिए प्रशासक दिलीप ढोले से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन या मैसेज का जवाब नहीं दिया। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने इसे गलत बताया।कहा कि छुट्टी देने का अधिकार सिर्फ सरकार को है।मनपा के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है। आगे कहा कि प्रशासन की हिटलर शाही और मनमानी कामकाज चल रहा है।मनपा बॉडी का कार्यकाल खत्म हो गया है और वह लावारिस हो चुकी है।उन्होंने सवाल किया कि संसद, विधानसभा सहित तमाम सरकारी संस्थाओ की वर्षगांठ होती है,लेकिन उसे मनाने के लिए छुट्टी नहीं होती है। स्थापना दिवस की खुशी हमें भी है।


## अस्पताल का कर्मचारी सागर तेजम ने मृतक महिला की चुराई चुडिया

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड में एक मृत महिला के हाथ से सोने की चूडिय़ां चोरी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस फैमिली केयर अस्पताल के एम्बुलेंस कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी के बाद सख्ती से पूछताछ में यह खुलासा हुआ है कि आरोपी ने चूड़ियाँ विरार में एक सुनार को ३० हजार रुपये में गिरवी रख दी है. २५ फरवरी को मीरा रोड के कनकिया इलाके में रहने वाले रहीम शेख की मां ज़ेहरूबी शेख (८५) की हालत बिगड़ी तो डॉक्टर को घर पर इलाज़ के लिए बुलाया गया। लेकिन, मामला सीरियस होने की वजह से डॉक्टर ने हॉस्पिटल



शिफ्ट करने को कहा। रहीम शेख ने डॉक्टर के कहने पर एम्बुलेंस बुलाकर अपनी मां को आगे की जांच के लिए मीरा रोड स्थित फैमिली केयर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. डॉक्टर द्वारा मृत घोषित करने के बाद, रहीम शेख अपने माँ का पार्थिव शरीर एंबुलेंस में घर लाया। जिसके बाद घर पर परिजनों ने देखा कि अस्पताल में भर्ती कराने के दौरान मां के हाथ में चार चूडिय़ां थीं लेकिन घर आने पर उनके हाथ में सिर्फ दो चूडिय़ां बची थीं। सोने की चूडिय़ां चोरी होने का पता चलने पर रहीम शेख ने नवघर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी. इस शिकायत के बाद वरिष्ट पुलिस निरीक्षक मिलिंद देसाई की देखरेख में एक टीम ने तुरंत जांच शुरू की. नवघर पुलिस ने एंबुलेंस चालक और अस्पताल स्टाफ से पूछताछ की। पूछताछ में अस्पताल के कर्मचारी सागर तेजम ने सोने की दो चूडिय़ां चोरी करना स्वीकारा। पुलिस ने तेजम को गिरफ्तार कर लिया। शुरुआत में, ड्राइवर भी एक संदिग्ध था, लेकिन जांच से पता चला कि वह निर्दोष है। और यह परिचारक की अकेले की ही करतूत थी। जिसे गिरफ्तार किया गया है और आईपीसी की धारा ३८० के तहत मामला दर्ज किया गया है, देसाई ने कहा। पुलिस ने वे दोनों चूडिय़ां भी बरामद कर ली हैं, जिन्हें आरोपी ने विरार में एक सोनार के पास गिरवी रखा था। आरोपी को जिला सत्र न्यायालय, ठाणे के समक्ष पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।




**ऐरोली विधानसभा के प्रभारी चुने जाने पर मा.आमदार श्री नरेंद्र मेहता जी को बहुत बहुत बधाई हो हमे पूर्ण विश्वास है कि जेसे आपने शिक्षण चुनाव के वक्त उमेदवार को जितवानेकी जिम्मेदारी ली ओर उन्हे जी जान लगाकर भारी मत दिलवाए ओर विजय बनवाया,ठीक उसी तरह ऐरोली मे भी आपके प्रभारी पद के नेतृत्व मे भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरायेगा**

## देश में तनाव और संघर्षमय वातावरण बना हुआ है - अश्विनी उपाध्याय

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। भारत के कमजोर कानून का फायदा उठाकर देश में बेईमान तथा भ्रष्टाचारी चैन की नींद सो रहे हैं। यदि इसी तरह की बेईमानी और भ्रष्टाचार वे जापान,सिंगापुर ,कोरिया, अमेरिका जैसे अन्य देशों में करते तो कब के हवालात में पहुंच गए होते और पूरी उम्र जेल के कोठरी में बिताते। भारत रक्षा मंच तथा भारतीय जनता पार्टी मीरा भायंदर द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष में ,संयुक्त रूप से भायंदर पश्चिम के मैक्सिस बैंकट हॉल में आयोजित व्याख्यान शिविर में बोलते हुए सुप्रीम कोर्ट के नामी अधिवक्ता एड अश्विनी उपाध्याय ने उपरोक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि भारत में सिर्फ कानूनों का बोझ है। आम आदमी इसी ब्रिज के नीचे दबकर दौडता रहता है और परेशान रहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने करीब १५०० ऐसे अंग्रेजी कानूनों को खत्म किया ,जिनसे आम आदमी को सिर्फ परेशानियां उठानी पडती थी। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा देश पर लादे गए काले कानूनों का हवाला देते हुए बताया कि इससे देश में तनाव और संघर्ष का वातावरण बना है । श्री उपाध्याय ने कहा कि २५०० वर्ष पहले, जब पूरी दुनिया सभ्यता की एबीसीडी सीख रही थी, उस भारत में नालंदा तथा तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय चल रहे थे। उस समय राजाओं के मंत्रियों को इन विश्वविद्यालयों से कम से कम स्नातक की डिग्री लेना अनिवार्य




होता था। विदेशी आक्रांतावों लेना सिर्फ देश को लूटा अपितु हमारी संस्कृति और सभ्यता को भी नष्ट किया। देश में व्याप्त भ्रष्टाचार की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जैसे उपजाऊ खेत के बिना किसान अच्छी फसल पैदा करने में लाचार होता है, उसी तरह प्रशासक अच्छा होने के बावजूद भी लाचार होता है। देश की जमीन को उर्वरा बनाने का काम सिर्फ जनता कर सकती है। भारत में बने कानूनों की लाचारी व्यक्त करते हुए श्री उपाध्याय ने कहा कि यहां अपराधों की संख्या के हिसाब से सजा नहीं मिलती जबकि कई देशों में अपराधों की संख्या के हिसाब से हजारों साल तक की सजा दी जाती है। इससे आम आदमी को पता चलता है कि सजा प्राप्त व्यक्ति कितना बडा मुजरिम था। अश्विनी उपाध्याय द्वारा देश की कानून व्यवस्था को सुधारने की दिशा में सुप्रीम कोर्ट में अनेक याचिकाएं दाखिल की गई। उनकी एक याचिका के चलते देश के सांसद और विधायकों पर लगे आरोपों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाया गया। आज इसी कोर्ट के चलते करीब २०० सांसद और विधायकों को सजा मिल चुकी है। करीब डेढ.घंटे तक चले अपने व्याख्यान के दौरान श्री उपाध्याय ने देश की कई गंभीर समस्याओं की तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में उपस्थित बीजेपी जिला अध्यक्ष एडवोकेट रवि व्यास ने उपाध्याय के व्याख्यान की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रहित में उनके द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय और देशवासियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। इस अवसर पर विधायक श्रीमती गीता जैन, हेमंत म्हात्रे तथा प्रशांत कोतवाल भी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहुंचने वाले प्रमुख लोगों में नगर सेवक रोहिदास पाटिल, गौरव पोरवाल,नगरसेवक विजय पाटिल, मंडल अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह, नगरसेविका नीला सोंस, नगरसेवक विजय राय, महिला मोर्चा की जिला सचिव एड अरुणा सत्यप्रकाश पांडे, रिटा शाह ,भुप्तानी शाह, बैशाली रकवी, मंडल अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, विजय पारीख, जयकिशन सोमानी, महामंत्री संजय पागे, मंडल अध्यक्ष शैलेश मामुनकर समेत अनेक मान्यवर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जयनम मेहता ने किया।

# ऐश्वर्या पर बैन

यह अफसोसजनक होता है जब किसी एथलीट पर डोपिंग की वजह से बैन लग जाए।



हालांकि, खिलाड़ी बहुत सावधानी से खेलते हैं बावजूद इसके कभी-कभी कुछ दवाएं प्रतिबंधित सूची में आ जाती हैं जब वो सेवन कर लेते हैं। ऐसा ही कुछ हुआ ट्रिपल जम्प की एथलीट ऐश्वर्या के साथ। देश की शीर्ष ट्रिपल जंप खिलाड़ी ऐश्वर्या बाबू को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल ने प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के इस्तेमाल पर ४ साल के लिए प्रतिबंधित किया है। ऐश्वर्या को धाविका एस धनलक्ष्मी के साथ २०२२ में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से बाहर कर दिया गया था, क्योंकि ये स्टेरॉयड के लिए पॉजिटिव थीं जो वाडा की प्रतिबंधित सूची में शामिल था। नाडा के अपील पैनल से १३ फरवरी को प्रतिबंध का नोटिस मिलने के बाद ऐश्वर्या के पास प्रतिबंध के खिलाफ अपील करने के लिए ६ मार्च तक का समय है। ऐश्वर्या पिछले साल १३ और १४ जून को चेन्नई में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप के दौरान ओस्टेरिन के लिए पॉजिटिव पाई गई थी जो एक सिलेक्टिव एंड्रोजेन रिसेप्टर मोडुलेटर है।

# क्रिकेट का नास्त्रेदमस

अब ये नास्त्रेदमस कौन है? वो भी क्रिकेट का। भविष्यवाणी ऐसी कि एकदम सच हो जाए वो भी त्वरित। आजकल इस नास्त्रेदमस की खूब चर्चा है। यह है डीके उर्फ दिनेश कार्तिक। हिदुस्थान-ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने सटीक भविष्यवाणी कर सभी को हैरान कर दिया। दिनेश की इस भविष्यवाणी से प्रभावित होकर साथी कमेंटेटर ने उन्हें नास्त्रेदमस करार दे दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसे दिनेश कार्तिक ने ही अपने आधिकारिक अकाउंट से शेयर किया है। नास्त्रेदमस प्रॉंस के मशहूर भविष्यवक्ता थे जिन्होंने दुनिया को लेकर कई भविष्यवाणियां कीं, जिनमें कई सच भी साबित हुईं। जब टीम इंडिया बुरी तरह फेल हुई और ऑस्ट्रेलिया उस पर बढ़त बना गई तभी डीके की भविष्यवाणी हुई। नाथन लियोन पारी का ३०वां ओवर करने के लिए आए। दिनेश कार्तिक कमेंट्री बॉक्स में थे, उन्होंने ओवर की आखिरी गेंद से पहले ही भविष्यवाणी कर दी कि उमेश यादव इस पर छक्का लगाएंगे या फिर आउट हो जाएंगे। लियोन की इस गेंद को उमेश यादव ने मिड विकेट के ऊपर से खेलते हुए छक्के के लिए भेज दिया। ये देख साथी कमेंटेटर ने दिनेश कार्तिक को नास्त्रेदमस करार दे दिया। बाद में कार्तिक ने इसका वीडियो भी शेयर किया।

# बिसात पर खिताब

जब हिंदुस्थान क्रिकेट के रंग में रंगा हुआ है तब बिसात से ऐसी खबर आई जिसका छिपे रह जाना लाजमी था। मगर ये खेलों के प्रति न्याय नहीं कहलाता इसीलिए हिदुस्थान के शतरंज खिलाड़ी का खिताब पाना बड़ी बात है और सुर्खियां बनना भी। जी हां, देश के पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन और ५ बार के कॉमनवैल्थ विजेता ग्रांड मास्टर अभिजीत गुप्ता ने ग्राज इंटरनेशनल शतरंज का खिताब जीत लिया है। बड़ी बात यह रही कि अभिजीत प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में ४७वें वरीय स्लोवेनिया के मैटिक लवरेनवीक से पराजित हो गए थे और उसके बाद उन्होंने लगातार सात मुकाबले जीतकर पहला स्थान हासिल किया। अंतिम राउंड में उन्होंने पोलैंड के टॉप सीड खिलाड़ी बार्टोस्ज सोको को पराजित किया और ९ राउंड के बाद ८ अंक बनाकर सबसे आगे रहे। ७ अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर जर्मनी के हागेन पोत्स्क दूसरे और ऑस्ट्रिया के फेलिक्स ब्लोहबेर्गर तीसरे स्थान पर रहे। इस जीत से अभिजीत को १० रेटिंग अंकों का फायदा हुआ।


# मैसी जैसा कोई नहीं

चाहे खुद के रिकॉर्ड्स हों या जिंदादिली की बात लियोनल मैसी का जवाब नहीं। यही वजह है कि मैसी जैसा कोई नहीं। अर्जेंटीना को अपने दम पर विश्वकप जितवाने वाले इस खिलाड़ी ने अपनी टीम सदस्यों के लिए दौलत लुटाई है। मेसी ने अपने टीम के खिलाड़ी और स्टाफ यानी ३५ लोगों को सोने का आईफोन तोहफे में दिया है। इन आईफोन को खास ऑर्डर पर बनाया गया है जिसकी कीमत १,७५,००० पाउंड यानी लगभग १.७३ करोड़ रुपए है। इन आईफोन के पीछे हर खिलाड़ी का नाम और उनका जर्सी नंबर लिखा हुआ है। इसके साथ ही अर्जेंटीना टीम का लोगो भी बना हुआ है। सभी आईफोन पर वर्ल्ड चैंपियन भी लिखा हुआ है। मेसी ने बेन लायंस के साथ मिलकर इस आईफोन को डिजाइन किया है। अर्जेंटीना ने फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल में प्रॉंस को मात देकर खिताब जीता था। कतर में खेला गया फाइनल मुकाबला बहुत रोमांचक रहा है। ३-३ से मैच ड्रॉ रहा था जिसके बाद फैंसला पेनल्टी कॉर्नर से किया गया था। मेसी को यहां प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था।

# कोरोना की संगत में बदमाश हुए वायरस! वायरल बीमारियां हुईं आक्रामक

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : लगभग दो-ढाई वर्षों तक कोविड-१९ वायरस ने दुनियाभर में कहर बरपाया था। इन दिनों कोविड का कहर भले ही कम नजर आ रहा हो, पर उसकी संगत में रहकर दूसरे वायरस लगातार अपने व्यवहार में बदलाव ला रहे हैं। कहा जा सकता है कि कोविड की संगत में रहने के बाद ये वायरस भी बदमाश हो गए हैं। चिकित्सा जगत में यह अनुमान लगाए जाने लगे हैं कि कोरोना के लिए जिम्मेदार कोविड-१९ वायरस की वजह से दूसरे वायरसों में अप्रत्याशित लक्षण देखने को मिले हैं। नतीजा यह हुआ है कि अब तकरीबन सभी वायरल बीमारियां आक्रामक हो रही हैं। साधारण सा फ्लू भी अब जटिल बनता जा रहा है। ऐसा वायरस के बर्ताव की वजह से बदलने वाले लक्षणों की वजह से भी हो रहा है, जिसे लेकर चिकित्सा जगत में चिंता जताई जा रही है। अपनी क्रोनोलॉजी बदलने में सक्षम हुए वायरसों का कहर इन दिनों देशभर में देखा जा सकता है। एक ही बीमारी के अलग-अलग तरह के लक्षणों के सामने आने और बीमारियों के आक्रामक होने की वजह से डॉक्टरों ने सतर्क रहने की सलाह दी है। आप वायरस के हमले से सतर्क रहकर ही सुरक्षित हो सकते हैं। लक्षण चाहे जैसा भी हो, एक बार मरीज को डॉक्टरी सलाह लेना जरूरी बताया जा रहा है। क्योंकि तमाम वायरसों का छलावा लगातार बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि बड़ी संख्या में लोगों पर इन्फ्लूएंजा अपना असर दिखा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि इससे प्रभावित लोग खांसी और सीने में भारीपन की शिकायत कर रहे हैं। इतना ही नहीं, मरीजों को फ्लू के संक्रमण से उबरने में सामान्य से



अधिक समय लग रहा है। कुछ मामलों में तो मरीजों को आईसीयू में भर्ती करने की आवश्यकता भी पड़ रही है। चिकित्सकों ने आगाह करते हुए कहा है कि इंफ्लूएंजा आक्रामक और लंबे समय तक चलेगा। बता दें कि बीते कई दिनों से मौसम में तेजी से बदलाव शुरू है। देश के उत्तरी हिस्सों में सर्दी बसंत में बदल रही है। साथ ही देश के कई क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता खराब बनी हुई है। चिकित्सकों के अनुसार ये सभी फ्लू के लिए पोषक माहौल पैदा कर रहे हैं। लोग निमोनिया और ब्रोंकियोलाइटिस से पीड़ित हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए दो साल एक-दूसरे से दूर रहे। हालांकि, जब आंशिक रूप से लोग आपस में मिलने लगे तो इसका प्रसार तेजी से होने लगा। मैक्स हेल्थकेयर समूह चिकित्सा निदेशक और आंतरिक चिकित्सा संस्थान के वरिष्ट निदेशक संदीप बुधिराजा ने कहा कि इस साल बहुत सारे फ्लू के मामले देख जा रहे हैं। पिछले वर्ष के लक्षणों की तुलना में इस साल सामने आ रहे लक्षण थोड़े अलग और अधिक गंभीर हैं। बहुत सारे मरीज लगातार खांसी या खांसी के दौरे की शिकायत कर रहे हैं, जो कई दिनों से शुरू है। कभी-कभी फ्लू ठीक होने के बाद भी हफ्तों तक रहती है। संदीप बुधिराजा के अनुसार उत्तर हिंदुस्थान में आमतौर पर फरवरी-मार्च में शायद ही कोई फ्लू का मामला सामने आता था, लेकिन इस समय इसके कई मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल हिंदुस्थान में ही हिट नहीं है। अधिकांश देशों में मौसम में बदलाव हुआ है। कुछ डॉक्टरों ने कहा कि कोविड के कारण अन्य वायरस अलग तरह से व्यवहार कर रहे हैं। फोर्टिस के सहयोगी माहिम के एसएल रहेजा अस्पताल में कंसल्टेंट और हेड क्रिटिकल केयर डॉ. संजीत शशिधरन ने कहा कि हिंदुस्थान एडेनोवायरस का उछाल देख रहा है, जो असामान्य है। हिंदुस्थान ने स्वास्थ्य व्यवसायों का एक वैश्विक मंच बनाने की वकालत की है, जिसका कोई भी देश महामारी और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान लाभ ले सकता है। विश्व व्यापार संगठन को प्रस्तुत करने में इसने स्वास्थ्य बीमा पोर्टेबिलिटी के लिए देश-स्तरीय नियमों की भी मांग की। हिंदुस्थान ने कहा है कि संसाधनों का यह मंच संकट के दौरान एक देश द्वारा तैयार किया जा सकता है। संसाधनों से सुसज्ज इस तरह के एक मंच की स्थापना के लिए क्षेत्रीय और वैश्विक दोनों स्तरों पर अस्थायी रूप से ढील देनेवाले शासनों द्वारा कौशल मानचित्रण, मैचमेकिंग और आपूर्ति बढ़ाने की आवश्यकता होगी।

# चलती ट्रेन में बुजुर्ग की हत्या : आरोपी गिरफ्तार



**जेकेएस संवाददाता**

कल्याण। लोकल ट्रेन में चढ़ते समय बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा एक युवक को ठोकर लग गई, जिससे गुस्साए युवक ने चलती ट्रेन में ही बुजुर्ग व्यक्ति को लात-घूंसे से पिटाई कर उसे मौत के घाट उतार दिया। हत्या के आरोप में रेलवे पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, कल दोपहर एक ६५ वर्षीय व्यक्ति राशन कार्यालय से अपना काम करके कल्याण रेलवे स्टेशन से टिटवाला की तरफ जाने वाली लोकल पकड़ना चाहा। लोकल ट्रेन के लगेज डिब्बे में बैठने के लिए जैसे ही बुजुर्ग व्यक्ति चढ़ा तो उनका पैर एक अन्य युवक के पैर से जा टकराया, जिससे दोनों के बीच बहस हो गई। इससे गुस्साए युवक ने ट्रेन में ही बुजुर्ग व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। उसके बाद खुद को कानून से बचाने के लिए वह लगेज डिब्बे से उतरकर अन्य बोगी में बैठ गया लेकिन जूते और शरीर पर लगे खून के निशान से वह लोगों की नजरों से बच नहीं सका। यात्रियों की शिकायत पर कल्याण रेलवे पुलिस ने हत्यारे युवक को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी के ऊपर वाशिंद पुलिस थाने में एक अन्य मामला भी दर्ज है।




# प्राइवेट स्कुलों में २५ प्रतिशत कोटा गरीबों के लिए

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा-भायंदर शहर के ८४ निजी विद्यालयों में शिक्षा अधिकार (राइट टू एजुकेशन) के तहत प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी शिक्षा विभाग ने दी है। जिससे निजी विद्यालयों में भी गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर तबके के विद्यार्थी भी शिक्षा अधिकार के २५ प्रतिशत कोटा अंतर्गत प्रवेश ले सकेंगे। इस कोटे से प्रवेश के लिए १७ मार्च तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। गरीब, वंचित और आर्थिक रूप से दुर्बल घटकों को भी निजी विद्यालयों में मुफ्त



शिक्षा उपलब्ध हो सके। इस के लिए प्रत्येक निजी विद्यालयों में शिक्षा अधिकार के तहत २५ प्रतिशत कोटे अंतर्गत प्रवेश देने का प्रावधान है। इसी के तहत मीरा-भायंदर शहर के ८४ अनुदानित और बिना अनुदानित विद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की गई है। बुधवार दोपहर ३ बजे से १७ मार्च तक (https://student.maharashtra.gov.in) इस लिंक पर आवश्यक कागज पत्रों के साथ निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन करना होगा। पिछले वर्ष इन ८४ निजी विद्यालयों में शिक्षा अधिकार के २५ प्रतिशत कोटा अंतर्गत १,२९० स्थान आरक्षित होने के बावजूद सिर्फ ४२५ विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था, इसलिए इस वर्ष आरक्षित स्थानों को भरने हेतु जनजागृति किए जाने की जानकारी भी मनपा के शिक्षा विभाग ने दी है।

# गुजरात ले जाकर दुष्कर्म के बाद की बच्ची की हत्या

**जेकेएस संवाददाता**

पालघर : पालघर जिले के तलासरी इलाके से एक दस वर्षीय नाबालिग बच्ची का अपहरण कर उसे गुजरात ले गया और उसके साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की जघन्य घटना सामने आई है। दुष्कर्म कर हत्या को अंजाम देने वाला पापी पीड़िता के पड़ोस में ही रहता था। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी का लड़की के घरवालों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद से बौखलाए आरोपी ने बुधवार को नाबालिग लड़की को स्कूल से आते समय



मोटरसाइकिल पर बिठाकर ले गया और इस जघन्य घटना को अंजाम दिया। रात होने के बाद पीड़िता घर नहीं आई तो लड़की के माता-पिता ने बुधवार रात करीब १० बजे तलासरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की। पुलिस अधीक्षक ने तत्काल तलासरी थाने के पुलिस निरीक्षक अजय वसावे के नेतृत्व में कई टीम गठित की गई और अपराधी को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। रात करीब १:३० बजे सर्च ऑपरेशन चलाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ तलासरी थाने में मामला दर्ज किया गया है आरोपी ने दुष्कर्म और गला घोंटने का अपराध स्वीकार किया है। पुलिस द्वारा बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया।





















# दिल ने दिया झटका !

अभिनेत्री व पूर्व विश्व सुंदरी सुष्मिता सेन के दिल ने झटका दिया है। उन्हें हार्ट अटैक आया था। सुष्मिता ने खुद सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने अपने पिता की तस्वीर के साथ एक पोस्ट साझा की है। सुष्मिता के चाहनेवाले फैंस की एक लंबी लिस्ट है। सुष्मिता के साथ हुई इस घटना ने हर किसी को चौंका दिया है। कल जब इंडस्ट्री में यह खबर फैली तो पहले लोगों को यही लगा कि ये कोई गॉसिप या अफवाह है। मगर जब पता चला कि ये जानकारी खुद सुष्मिता ने शेयर की है तब जाकर यकीन हुआ। सुष्मिता सेन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया है कि उन्हें दो दिन पहले ही हार्ट अटैक आया। हालांकि, अब वह ठीक हैं। सुष्मिता सेन की हेल्थ से जुड़ी इस खबर ने उनके फैंस के बीच खलबली मचा दी है और हर कोई उनके स्वस्थ होने के लिए विश कर रहा है। सुष्मिता ने अपना हेल्थ अपडेट देते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में सुष्मिता साड़ी में पापा सुबीर सेन के साथ लिपटकर खड़ी दिख रही हैं। इसी पोस्ट में सुष्मिता ने अपने उस हालात का भी जिक्र किया है, जो सबको हैरान कर रहा है। उन्होंने बताया कि उन्हें हार्ट अटैक की स्थिति से गुजरना पड़ा है। इस पोस्ट में सुष्मिता ने लिखा, ३अपने दिल को खुश और मजबूत बनाए रखो और ये तुम्हारे साथ उस वक्त खड़ा होगा जब तुम्हें इसकी सबसे अधिक जरूरत पड़ेगी शोना (ये मेरे पापा कहा करते हैं)। मुझे दो दिन पहले हार्ट अटैक आया था और इसके बाद मेरी एंजियोप्लास्टी हुई, स्टेंट डाला गया और सबसे अहम बात कि मेरे कार्डियोलॉजिस्ट ने कन्फर्म किया कि मेरा दिल वाकई बहुत बड़ा है। सुष्मिता ने इसी पोस्ट में आगे लिखा है, ३मैं यहां बहुत सारे लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं जिनकी मदद से मुझे टाइम पर ट्रीटमेंट मिल पाया और उनके तुरंत उठाए कदम की वजह से मैं ठीक हो पाई। अपने अगले पोस्ट में मैं वो भी बताऊंगी। मेरा ये पोस्ट केवल मेरे चाहने वालों को अपडेट देने के लिए मैंने किया है और ये बताने के लिए कि अब मैं ठीक हूं। मैं अपनी जिंदगी एक बार फिर से खुलकर जीने के लिए तैयार हूं। आप सबको दिल से और ढेर सारा प्यार।



# सरेआम शर्मिंदा



डेजी शाह ने बॉलीवुड में सलमान खान की फिल्म जय हो से कदम रखा था। उस फिल्म के बाद भी एक्ट्रेस के करियर को खास उड़ान नहीं मिली। डेजी ने बॉलीवुड की गिनी-चुनी फिल्में ही की हैं, जिनमें जय हो के बाद हेट स्टोरी और रेस- ३ जैसी फिल्में शामिल हैं। इन दिनों एक्ट्रेस भले ही फिल्मों से दूर हों लेकिन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बुधवार शाम एक्ट्रेस मुंबई में एक इवेंट में शामिल हुई थीं। इस दौरान वे थोड़ी परेशान नजर आईं। इसकी वजह थी उनकी सैंडल का इवेंट में टूट जाना। सोशल मीडिया पर उनका वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपनी सैंडल की वजह से जमीन पर बैठी नजर आ रही हैं। इस वीडियो में एक्ट्रेस ऑल ब्लैक लुक में नजर आ रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने ब्लैक हील्स भी कैरी की हुई है। अचानक उनकी ब्लैक हील टूट जाती है और फिर वह सीढ़ियों पर बैठ जाती हैं। इस वीडियो को देख यूजर्स खूब कमेंट्स कर रहे हैं।

# टाइगर अभी दिल में है !

लगता है दिशा पाटनी अपना पहला और पुराना प्यार भुला नहीं पाई हैं और अभी भी टाइगर श्रॉफ दिशा के दिल में खास जगह बनाए हुए हैं। तभी तो समय-समय पर उन्हें टाइगर की याद आ ही जाती है। अभी हाल ही में टाइगर के बर्थडे पर दिशा का उन्हें विश करना सभी को हैरान कर गया। एक्ट्रेस ने अपने एक्स के बर्थडे पर एक अनोखे अंदाज में विश करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर टाइगर की एक क्यूट सी फोटो शेयर की, जिसमें टाइगर प्रिंटेड स्कॉर्फ पहने नजर आ रहे हैं। इसी के साथ ही दिशा ने कैप्शन में लिखा है, ॐहैप्पी बर्थडे टिग्गी ! हमेशा सबसे खूबसूरत रहो और खुद को प्रेरित करते रहो। दिशा के इस पोस्ट को देखहर कोई हैरान है और लोग इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। आपको बता दें कि दिशा और टाइगर का कुछ महीने पहले ही ब्रेकअप हुआ है। यह दोनों करीब ६ साल तक रिलेशनशिप में थे। इस दौरान दिशा और टाइगर लिवइन में भी रहे। लगता है दिशा को टाइगर की याद कुछ ज्यादा ही सता रही है। वैसे फैंस अभी भी चाहते हैं कि दोनों के बीच सबकुछ ठीक हो जाए और दोनों एक बार फिर एक साथ आ जाएं: !



# हैट में दिखीं हॉट

पलक तिवारी ने भले ही फिल्मों में डेब्यू न किया हो लेकिन सोशल मीडिया पर अपनी सिजलिंग फोटोज पोस्ट कर उन्होंने इंटरनेट को जरूर हिलाकर रख दिया है। हाल ही में उनकी कुछ फोटोज इंटरनेट पर वायरल हुई हैं, जिनमें हैट पहने पलक बेहद हॉट लग रही हैं। दिलचस्प बात ये है कि पलक जल्दी ही सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म ॐकिसी का भाई किसी की जान में नजर आनेवाली हैं। लेटेस्ट तस्वीरों में पलक हैट के साथ पोज करती दिखीं। इस बड़े से हैट के साथ अदाकारा ने कई सारे पोज दे डाले। पलक ने ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर बताया है कि ये उनकी वेकेशन की तस्वीरें हैं, जो उन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वे वाकई किसी बार्बी डॉल से कम नहीं लग रही हैं। फैंस उनकी इन तस्वीरों पर जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। अब तस्वीरों में बोल्ड और हॉट दिखनेवाली पलक अपनी एक्टिंग से लोगों को कितना इंप्रेस कर पाती हैं यह तो आनेवाले समय में पता चल जाएगा। वैसे उनके डेब्यू को लेकर फैंस सुपर एक्साइटेड नजर आ रहे हैं।



# मुंबई में सायबर अपराधियों का आतंक! रोजाना हो रहे १२ मामले

**जेकेएस संवाददाता**



मुंबई : देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में जहां हत्या, चोरी, डकैती, महिला अत्याचार के मामले बढ़ रहे हैं, वहीं सायबर अपराधियों का आतंक भी बढ़ गया है। मायानगरी में बीते एक साल में सायबर फ्रॉड के मामलों में ७० फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। रोजाना औसतन १२ आपराधिक मामले सायबर क्राइम के हो रहे हैं। कुल ४,२८६ मामलों में से केवल २७९ मामलों का खुलासा हुआ है। यह खुद सूबे के उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्वीकार किया है। विधान परिषद में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी की सदस्य मनीषा कायंदे व अन्य सदस्यों द्वारा पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्वीकार किया है। मुंबई में सायबर अपराध में वृद्धि हुई है। वर्ष २०२१ की तुलना में नवंबर २०२२ के आखिर तक सायबर धोखाधड़ी के मामलों में ७० प्रतिशत वृद्धि हुई है। मुंबई पुलिस मुख्यालय के अंतर्गत नवंबर २०२२ तक ४,२८६ मामले दर्ज किए गए, जबकि २०२१ में यह संख्या २,८८३ थी। गिफ्ट आदि देने और बिजली बिलों के भुगतान के बहाने ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए गए हैं। क्रेडिट कार्ड ऑनलाइन धोखाधड़ी के १,२९४ मामले हैं, जिसमें ३७ मामलों का खुलासा हुआ है। खरीदी, गिफ्ट, नौकरी, बीमा, शैक्षणिक प्रवेश, निवेश, क्रिप्टो करेंसी, कर्ज और अन्य धोखाधड़ी के कुल २,२१६ मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें से १३२ मामलों का खुलासा हुआ है। कुल ४,२८६ मामलों में से केवल २७९ मामलों का खुलासा हुआ है। गृहमंत्री के अनुसार, बढ़ते सायबर अपराध को रोकने के लिए मुंबई पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में प्रादेशिक स्तर पर पांच सायबर पुलिस स्टेशन कार्यरत हैं। सायबर अपराधों की जांच तेज गति से हो सके, इसके लिए सायबर लैब, पुलिस स्टेशनों को अत्याधुनिक साधन-सामग्री उपलब्ध कराई गई है। कोविड महामारी के बाद पार्ट-टाइम जॉब फ्रॉड, क्रिप्टो करेंसी के नाम पर चीटिंग, इंश्योरेंस फ्रॉड, सेक्सटॉर्शन और इलेक्ट्रिसिटी बिल के नाम पर जालसाजी जैसे अपराध बढ़े हैं। इसी तरह सीमा शुल्क, उपहार, खरीद, नौकरी, बीमा, आदि धोखाधड़ी के मामले बढ़े हैं। कई मामले तो लोग जानकारी के अभाव में दर्ज ही नहीं कराते। हाल में आई मुंबई क्राइम रिपोर्ट में भी माना गया है कि इन सायबर अपराध के मामलों की छानबीन की स्थिति खराब रही है। कोविड काल से पहले के वर्ष यानी २०१९ की बात करें तो उस दौरान पंजीकृत २,२२५ मामलों की तुलना में वर्ष २०२२ में सायबर अपराध के मामलों में ११२ फीसद की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष २०१९-२०२२ की अवधि में कुल १२ हजार २६१ पंजीकृत मामलों में से २०२२ में से ३४६ मामले सहित कुल १,२९२ मामले सुलझाए गए हैं।

# मीरा- भायंदर के प्लेटफार्मो पर असुविधाओं का अभाव , सांसद विचारे ने उठाया मुद्दा

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर: पश्चिम रेलवे ने सत्र के पूर्व सभी सांसदों की बैठक आयोजित की. इस बैठक में सांसद राजन विचारे ने अपने लोकसभा क्षेत्र के मीरा रोड और भायंदर रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को हो रही दिक्कतों का जिक्र किया. इस बैठक में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्रा, मुख्य रेल प्रबंधक नीरज वर्मा सहित एमआरवीसी और रेलवे एवं रेलवे पुलिस विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. इस मुलाकात के दौरान सांसद राजन विचारे ने सबसे पहले कोविड काल में भी अपनी जान जोखिम में डालने वाले सभी अधिकारियों की प्रशंसा की. और साथ ही कहा कि मीरा रोड और भायंदर रेलवे स्टेशनों पर एटीएमएम मशीन,



टिकट विंडो और ट्रेनों की संख्या बढाने के प्रयास किए जाएं। आने वाली गर्मी को ध्यान में रखते हुए यात्रियों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए प्लेटफॉर्म पर आरो प्लांट शुरू किया जाए। जब रेल्वे ने कहा कि पीपी की टेंडर प्रक्रिया का कोई जवाब नहीं मिल रहा है तो सांसद विचारे ने रेल प्रशासन से पुरजोर मांग की कि अगर कंपनी अपने फायदे के लिए यह सुविधा उपलब्ध नहीं कराती है तो रेल्वे को खुद करनाचाहिए लेकिन आगे कहा कि एमआरवीसी एमयूटीपी ए के माध्यम से मीरा रोड रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के लिए स्थल के पश्चिमी तरफ बोरीवली रेलवे स्टेशन की जमीन पर एलिवेटेड प्लेटफॉर्म की लंबाई और चौडाई बढाने का काम शुरू किया जाएगा. इस से मीरा रोड रेलवे स्टेशन के विस्तार से मीरा रोड के निवासियों को रेलवे स्टेशन से लंबी दूरी की ट्रेनों के लिए रुकने की सुविधा मिलेगी और यात्रियों को बोरीवली रेलवे स्टेशन तक पहुंचने में और लगने वाले श्रम और समय की बचत होगी। शौचालय के लिए जगह नहीं होने से रेल यात्रियों को खुली जगह को लेकर संशय है। इसलिए ऐसी जगहों पर ई-टॉयलेट की व्यवस्था करने की योजना बनानी चाहिए।

# मुंबई में चलाया जाएगा क्लीन टू ग्रीन अभियान! ई-वेस्ट का किया जाएगा निस्तारण



मुंबई : आरएलजी सिस्टम्स इंडिया ने अपने प्रमुख अभियान क्लीन टू ग्रीन के तहत मुंबई के पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, गोरेगांव व पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, लोअर परेल में जागरूकता अभियान चलाया, जिसके तहत ई-वेस्ट के निस्तारण को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। अभियान के तहत ३ई-व्यर्थ के सुरक्षित संग्रहण एवं निपटान को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। यह अभियान ई-व्यर्थ के सुरक्षित संग्रहण एवं निपटान के उद्देश्य के साथ अंतिम उपयोग कर्ताओं को जागरूक बनाएगा। इलेक्टॉनिक व्यर्थ में आमतौर पर बेकार हो चुके सर्वर, कंप्यूटर मॉनिटर, मदरबोर्ड, प्रिंटर, मोबाइल फोन एवं चार्जर, कॉम्पैक्ट डिस्क, हेडफोन, टेलीविजन सेट, वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर, रेफ्रीजरेटर आदि शामिल होते हैं। वर्तमान में भारत दुनिया में ई-व्यर्थ का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। सी२जी के साथ ई-व्यर्थ के सुरक्षित निपटान के लिए १८००२०३१४६० पर संपर्क कर किया जा सकता है। वित्तीय वर्ष २२-२३ के लिए कंपनी की जागरूकता एवं संग्रहण रणनीति पर बात करते हुए मिस राधिका कालिया, एमडी, आरएलजी सिस्टम्स इंडिया ने कहा, ३एक कंपनी के रूप में हम देश में ई-व्यर्थ के प्रबंधन के लिए औपचारिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस नए ई-व्यर्थ जागरूकता प्रोग्राम के माध्यम से हम देश को ई-व्यर्थ के उचित निपटान एवं रीसायकलिंग के तरीकों के बारे में जागरूक बनाना चाहते हैं।

# जल अमृत के रूप में दिया है, हम सबका कर्तव्य है कि इसे इसी तरह संभालें



भाईंदर : आजादी के ७५वें अमृत महोत्सव के तत्वावधान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपीता जी के पावन कर कमलों द्वारा अमृत प्रोजेक्ट,स्वच्छ जल – स्वच्छ मन का शुभारंभ यमुना उठ ( एम.टी.ओ.) से किया गया। इसके साथ ही सतगुरू माता जी की पावन कृपा से भारत के २७ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ७३० शहरों में ११०० से अधिक स्थानों पर इस परियोजना का भव्य आयोजन किया गया। बाबा हरदेव सिंह जी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा ये आयोजन किया गया। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के दिव्य निर्देशन में अमृत परियोजना का उद्घाटन करते हुए, जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ईश्वर ने हमें यह जल अमृत के रूप में दिया है, हम सबका कर्तव्य है कि इसे इसी तरह संभालें। साफ पानी के साथ रहना बहुत जरूरी है क्योंकि इसी भावना से हम सबके लिए परोपकार का यह काम करते हैं। इस प्रोजेक्ट के तहत मुंबई से सटे मीरा भायंदर के उत्तन समुंदर किनारे पर सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें ६०० से ज्यादा सेवाकर्मियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मीरा भायंदर नगर निगम आयुक्त दिलीप ढोले सहित उपायुक्त रवि पवार, उपायुक्त शरद नानेगांवकर व मीरा भायंदर भाजपा जिलाध्यक्ष रवि व्यास आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे और मिशन के कार्यों की प्रशंसा की। साथ ही स्वयं अपने हाथों से सफाई कर स्वयंसेवकों का उत्साह बढाते हुए दिलीप ढोले नें कहा कि निरंकारी मिशन और उनकी समाज के प्रति सेवा लगन को देखते हुए हमे बहुत खुशी हुई है, आज जो मिशन ने ये अभियान चलाया है इनका धन्यावाद करते है और सभी ऐसे अच्छे कार्यों के लिए उनका पूरा सहयोग किया जाएगा न वही जिलाध्यक्ष रवि व्यास ने भी मिशन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि निरंकारी मिशन जैसी संस्थाओ की समाज मे बहुत जरूरत है, उन्होंने ने कहा हम निरंकारी मिशन के साथ हमेशा सहयोग करेंगे न इसके अलावा मुंबई के ठाणे और उरण में करीब ५० जगहों की सफाई की गई जिसमें समुद्र तट, झील, तालाब आदि शामिल है। उल्लेखनीय स्थानों में दादर शिवाजी पार्क चौपाटी, हिंदुजा अस्पताल चौपाटी, मगदुम शाह बाबा दरगाह बीच, जॉगर्स पार्क से खारदंडा, जुहू बीच से गोदरेज बंगला बीच, जुहू कोलीवाडा से जुहू बीच, बीच साही, सावा जेही, इंदु मिल चौपाटी, गणेश विसर्जन तालाब, मिठागर शामिल हैं। (मुलुंड) छत्रपति शिवाजी तालाब, भांडुप, भांडुपेश्वर तालाब, कांजुरमार्ग, छोटा कश्मीर तालाब (अरे कॉलोनी)। बुजाले ताल चिंचोली, मलाड, लोटस लेक, मालवणी, भुजाले तालाब, चिंचोली मलाड, के साथ थाने, नवीं मुंबई के कई इलाकों मे ये अभियान चलाया गया.

# राजु गोयल द्वारा आयोजित महिला क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ सफल






मीरारोड : इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेंद मेहता, पूर्व महापौर डिम्पल मेहता, धडक कामगार नेता अभिजित राणे, नगरसेविका हेतल परमार, नगरसेविका रूपाली मोदी, पूर्व नगरसेविका रेखा विरानी, नगरसेवक अश्विन कासोदरिया, जलालुद्दीन मंसुरी , सिने तारिका निलु यादव, त्रिष्णा मंडल रैपर तिरशेवर, पत्रकार अजय त्रिपाठी, पत्रकार धर्मेंद्र पाल, पूनम ओबेरॉय, बेबी ठाकुर, झारा सुतरवाला, रीता सिंह व मीरा भायन्दर के अनेक गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की. कार्यक्रम के अंत में सत्य फाउंडेशन के अध्यक्ष राजू गोयल व ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्रिकेटर प्रतिमा सिंह के विशेष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया.

# निलम तेली द्वारा साक्षरता अभियान हो रहा है सफल



**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : उपरोक्त गौरव प्रदान करने वाली जानकारी हमें शांति सेवा फाउंडेशन की संस्थापक, अध्यक्षा नीलम तेली जैन ने दी है. उल्लेखनीय है कि समाज सेविका नीलम तेली जैन जो सरदार वल्लभभाई पटेल संस्था की राष्ट्रीय महा सचिव है, तथा सामाजिक उत्थान के विविध उपक्रमों का संचालन कर रही है. पढेग़ा इंडिया, आगे बढेग़ा इंडिया नारे के साथ नीलम तेली जैन और उनकी सहयोगी टीम विगत कई सालोंसे मुफ्त में साक्षरता अभियान चला रही है जो भाईंदर वासियों के लिए गौरव की बात रहने वाले बच्चों की जिंदगी बर्बाद होने से बचाकर नीलम तेली ने उन्हें शिक्षा देकर, शिक्षा प्रेमियों का सिर ऊंचा किया है. वर्तमान उनकी स्कूल में १०० से ज्यादा विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे है. तस्वीर में नीलम तेली जैन, मेघना सेन, पत्रकार श्रीमती नगमा खान, स्नेही शाह के साथ एस. एस. सी. में परीक्षा दे रही चार विद्यार्थी राजश्री सोनार, वर्षा गौड, ज्योति भारती, और प्रिया ढाल दिखाई दे रही है. इन बच्चों में संस्कार भरने में श्रेष्टम स्ट्रीट स्कूल की संस्थापिका नीलम तेली जैन, प्रिंसिपल पूनम प्रसाद, प्रकाश भाई शाह, उपाध्यक्ष राजेश पुनमिया, और अक्षय जैन ने विशेष योगदान दिया. फ्यूचर अकादमी की ज्योति मिस का भी बच्चों को क्लासिस करवाने में अहम भूमिका रही.

# सोशल मीडिया के बारे में पुलिस करा रही है अवगत



**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड : इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और सोशल मीडिया के जरिये होने वाले अपराध पुलिस ही नहीं आम आदमी के लिए भी चिंताजनक हैं। कोरोना काल के बाद आनलाइन कक्षाओं के प्रति स्कूल-कालेजों का रुझान बढा है। बच्चे के हाथ में अब पहले के मुकाबले अधिक समय तक मोबाइल रहता है। ऐसे अपराध को रोकने के लिए मीरा भायंदर, वसई ऽविरार पोलिस आयुक्तालय ने पुलिस को स्कूलों में जाकर बच्चों को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय के श्री अविनाश अंबूरे, पुलिस उपायुक्त गुन्हे, श्री अमोल मांडवे सहायक पोलिस आयुक्त गुन्हे, पुलिस निरीक्षक श्री सुजीत कुमार गुंजलकर,इनके मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक प्रशाद सेनोलकर, ठाकुर ने रामनारायण कॉलेज दहिसर , एन एच इंग्लिश एकेडमी नयानगर मीरा रोड,में १८ शिक्षक के साथ आठवी, नौवीं,और दसवीं के ३५० विद्यार्थी शामिल थे। पुलिस ने स्कूल कालेज में पढने वाले विद्यार्थियों को साइबर बुलिंग, साइबर स्टरकिंग, पोर्नोग्राफी तथा साइबर ग्रूमिंग जैसे अपराध के बारे में जानकारी दी उन्होंने बताया कि कोई व्यक्ति यौन शोषण के लिए विश्वास हासिल करने के उद्देश्य से इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से बच्चों के साथ भावनात्मक बंधन बनाता है। इसे साइबर ग्रूमिंग कहते हैं। अपराधी उकसाकर उनकी अश्लील तस्वीरें या वीडियो हासिल कर लेते हैं। इन्हीं के आधार पर ब्लैकमेल किया जाता है। ब्लैकमेलिंग में भी बच्चों से रकम के बजाए उनसे उनकी अश्लील तस्वीरें या वीडियो मांगे जाते हैं। इसके बाद वह इन वीडियो और तस्वीरों को चाइल्ड पोर्नोग्राफी के लिए अश्लील वेबसाइट को बेच दिया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि उन लोगों से बात करने से बचें, जो आपसे आपके शारीरिक या यौन अनुभव से जुडे.सवाल पूछते हैं। आप उस व्यक्ति से कह सकते हैं कि वह आपसे ऐसे सवाल करना बंद कर दे, आप असहज महसूस करते हैं। यदि वे ऐसा ही करना जारी रखते हैं, तो तुरंत अपने माता-पिता को सूचित करें। उन लोगों से बात न करें, जो आपसे आपकी कामुक तस्वीरें या वीडियो साझा करने के लिए कहते हैं। यदि आप किसी व्यक्ति के साथ अपनी कामुक फोटो या वीडियो साझा करते हैं। ऐसे किसी भी अपराध के बारे में विद्यार्थी स्वयं या अपने माता-पिता के माध्यम से पुलिस को सूचित कर सकते हैं। मीराऽ भाइंदर, वसईऽ विरार पुलिस आयुक्तालय आगे भी स्कूली विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए पहल करते रहेगी।

# मदन सिंह द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में रंगारंग कार्यक्रम

मीरा-भायंदर । प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तर भारतीय जन सेवा संघ (रजि.) द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन आगामी मंगलवार, ७ मार्च को शाम ५ से मदर मेरी स्पोर्ट ग्राउंड, आर. एन. पी. पार्क, भायंदर पूर्व में किया गया है। इस अवसर पर भोजपुरी लोकगीतों का सांस्कृतिक कार्यक्रम 'फागुन में बाबा देवर लागे की रंगारंग प्रस्तुती अमर रघुवंशी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा की जाएगी. संस्था के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नगरसेवक मदन नारायण सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में उद्घाटक के तौर पर राहुल एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन पंडीत लल्लन तिवारी, मुख्य अतिथी के रुप में पूर्व गृहमंत्री तथा भाजपा के महाराष्ट्र उपाध्यक्ष कृपाशंकर सिंह, प्रमुख अतिथी के तौर पर भाजपा के सचिव एउ अखिलेश चौबे, भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह उपस्थित रहेंगे. मदन सिंह ने बताया कि उत्तर भारतीय जन सेवा संघ विगत कई वर्षों से होली मिलन समारोह का आयोजन करता आ रहा है। पारंपरिक गीत और संगीत से भरपूर इस आयोजन के द्वारा महानगरीय संस्कृति में फीकी पडत़ी जा रही उस परंपरा को जीवित करने का प्रयास किया जाता है, जिसके द्वारा गिले शिकवे भुलाकर लोग एक दूसरे के गले लगते है, और अनमोल जीवन में भाईचारे के साथ अमन व चैन का संचा करते है. बस इसी मुल भावना के साथ इस वर्ष भी होली मिलन समारोह आयोजित किया गया है । उन्होंने लोगों से अपील की है कि सभी अपनी उपस्थिति से आयोजन को सफल बनाने में अमूल्य योगदान दें। उन्होंने कहा कि होली मूलत: अच्छाई के समक्ष बुराई के दहन का प्रतीक है, इसलिए दूरियां बढाने वाली जाति, धर्म, भाषा, ऊंच, नीच ईर्ष्या व द्वेष जैसी बुराईयों का दहन कर अच्छाई रूपी प्रह्लाद के जीवन के सभी प्रेरणास्त्रोत बनें. आयोजन की तैयारियों में संस्था के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उत्साहपूव्र जुटे हुए है.



# महाराष्ट्र पर आया हुआ यह संकट टले बिना नहीं रहेगा -विनायक राऊत



**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड : शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के शिव गर्जना अभियान के अंतर्गत मीरा-भायंदर जिला शाखा द्वारा मीरा रोड में आयोजित शिव गर्जना सभा को उत्साहजनक प्रतिसाद मिला। इस अवसर पर शिवसेना नेता एवं सांसद विनायक राऊत ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम सभी के सहयोग से एक बार फिर से अपने हक का विधायक, सांसद और अपना मुख्यमंत्री चुनना है। कसबा विधानसभा क्षेत्र में हुए चुनाव का जिक्र करते हुए फैसले का उन्होंने स्वागत किया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित शिवसैनिकों से अपील करते हुए कहा कि माननीय न्यायालय का फैसला चाहे किसी के भी पक्ष में आए, हम सभी को मिलकर संघर्ष करना चाहिए। शिवसैनिकों के लिए कोई लड़ाई नई नहीं है, अगर आप सभी जैसे कट्टर और निष्ठावान शिवसैनिक हमारे साथ हैं तो महाराष्ट्र पर आया हुआ यह संकट टले बिना नहीं रहेगा। जीतने तक लड़ने के संकल्प के साथ शिवसेना के असंख्य कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की उपस्थिति में यह शिव गर्जना आयोजन बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद राजन विचारे, ठाणे लोकसभा क्षेत्र के संपर्कप्रमुख मधुकर देशमुख, संपर्कप्रमुख ओवला-माझीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के संपर्कप्रमुख नरेश मणेरा, जिलाप्रमुख प्रभाकर म्हात्रे, उपजिला प्रमुख संदीप पाटील, धनेश पाटील, लक्ष्मण जंगम, जयराम मेसे, शहरप्रमुख लक्ष्मण कांडलगांवकर, चंद्रकांत मुद्रास, सतीश आचरेकर, जीतू पाठक, शिवशंकर तिवारी, बर्नार्ड डिमेलो, प्रशांत सावंत, शिवसेना प्रवक्ता शैलेश पांडेय, पूर्व नगरसेविका तारा घरत, स्नेहा पांडेय, अर्चना कदम, कैटलिन परेरा, पूर्व नगरसेवक जयंतीलाल पाटील, दिनेश नलवड़े, जिला संयोजक स्नेहल कलसारिया, उपजिला संयोजक सुप्रिया घोसालकर, क्षमा गांधी, वीणा बद्रिके, विद्या कदम, शर्मिला बगाजी, जय लक्ष्मी सावंत, हेमलता जोशी, कंचन लाड, प्राची पाटील, शहर संयोजक नीलम धवन, श्रेया सालवी, तेजस्वी पाटील, अनीता रहाडे सहित अन्य शिवसैनिक पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# एक साथ मिलकर काम करते है तो वादे आसानी से पुरे होते है - बिट्टा





**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड: मेजर कौस्तुभ राणे काश्मीर के बांदीपुरा में शहीद हो गए थे। राणे का परिवार पिछले तीस सालों से मीरा रोड में रह रहा है। राणे बहुत मजाकिया और बडो का सम्मान करते थे। मेजर ३६ राष्ट्रीय राइफलस में तैनात थे और सेना में ६ साल की सेवा पूरी कर चुके थे ।मेजर राणे उन चार सैनिकों में शामिल थे जो सात अगस्त २०१८ जम्मू कश्मीर के गुरेज सेक्टर में बंदीपूरा में शहीद हो गए थे। जब शाहिद मेजर कौस्तुभ राणे का पार्थिव शरीर उनके मीरा रोड स्थित आवास पर लाया गया तो उनके पार्थिव शरीर के दर्शन हेतु स्थानिक नागरिकों की भीड.जमा होने लगी लगभग ३० हजार लोगो की भीड.से मीरा रोड शहर पट चुका था। और लोगो में पाकिस्तान और आतंकवाद को लेकर काफी गुस्सा था। और जब पिछले वर्ष विधायक प्रताप सरनाइक,मनपा आयुक्त दिलीप ढोले ने कानकिया के गार्डन में नीव रखते समय वादा किया था की शाहिद मेजर कौस्तुभ राणे के जन्मदिन के अवसर पर अमर ज्योति का लोकार्पण करेंगे जिसे पूरा करने में कुल खर्च एक करोड.तैतीस लाख हुआ है २७ फरवरी २०२३ के दिन शाम पांच बजे आल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के चेयरमेन एम एस बिट्टा के हाथो अमर ज्योत को जलाकर उदघाटन करते हुए लोकार्पण किया गया लोकार्पण कार्यक्रम के में एमबीएमसी के आयुक्त दिलीप ढोले, शहर अभियंता दीपक खांबित ने समय के भीतर काम करवाने पर मंजीत सिंह बिट्टा के हाथो सम्मानित किया गया मनपा आयुक्त का विशेष कर विधायक प्रताप सरनाइक शहीद मेजर के पिता प्रकाश राणे माता ज्योति राणे भी आभार प्रकट करते हुए कहा की सत्ताधारी नेता और प्रशासन जब एकसाथ मिलकर काम करते है तो इस तरह के वादे आसानी से पुरे होते है। शहीद मेजर कौस्तुभ राणे की याद में अमर ज्योत का लोकार्पण करने पर वीर शहीद के माता पिता ने विशेष रूप से मनपा आयुक्त दिलीप ढोले विधायक प्रताप सरनाइक का आभार व्यक्त किया ।

# मे.शाइन मेंटिनेस को किया ब्लैक लिस्ट, बिलों का भुगतान जारी

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर । सार्वजनिक शौचालय सफाई कर्मियों के वेतन में हुए घोटाले में दोषी ठेकेदार को बचाने का आरोप भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रवि व्यास ने लगाया है।ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने तथा उसका साथ देने वाले अधिकारियों के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो(एसीबी)से जांच की अपनी मांग उन्होंने स्मरण पत्र देकर दोहराई है। व्यास के मुताबिक प्रति सफाई मजदूर ३० हजार तथा प्रति सुपरवाइजर ३५ हजार रुपया ठेकेदार को मनपा से मिलता था.जबकि वह सिर्फ ३००० से लेकर ९००० रुपया ही मजदूरों को वेतन देता था.राज्य सरकार के २२ फरवरी २०१९ के एक परिपत्रक के अनुसार कामगारों के वेतन, ईएसआईसी (कर्मचारी बीमा) तथा इपीएफ(कर्मचारी भविष्य निधि) का भुगतान के होने के सबूत के तौर पर बैंक स्टेटमेंट की सत्यता जांचने के बाद ही ठेकेदार को भुगतान करने का नियम है.व्यास का आरोप है कि ठेकेदार ने फर्जी बैंक स्टेटमेंट प्रस्तुत कर बिल निकलवाता रहा और इस काम में स्वच्छता विभाग के उपायुक्त तथा सहायक आयुक्त की मिलीभगत रही. व्यास ने बताया कि शहर के करीब डेढ.सौ से अधिक सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई,मरम्मत तथा देखरेख का ठेका मे.शाइन मेंटिनेस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को नवंबर २०२० में दिया गया था. लगातार शिकायतों, योग्य व असमाधानकारक काम के चलते बीते साल सितंबर में ठेका रद्द तो कर दिया गया.लेकिन उसे ब्लैक लिस्ट और उसके खिलाफ पुलिस में अपराधिक मामला दर्ज नहीं कराया गया.अलबत्ता उसकी बिलों का भुगतान किया जाता रहा.

# बस चालक की हुई पिटाई, परिवहन सेवा हुई ठप्प

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। साइड नहीं मिलने से नाराज बाइक सवार युवक ने मीरा-भायंदर महानगरपालिका परिवहन के बस चालक की पिटाई कर दी ।इससे नाराज होकर परिवहन कर्मी हडत़ाल पर चले गए हैं।जिससे परिवहन सेवा ठप पड. गई और शाम के वक्त घर लौट रहे मुसाफिरों को परेशान होना पडा।घटना बुधवार शाम की है। बताया गया है कि १७ नंबर की बस मीरा रोड स्टेशन से विनय नगर जा रही थी ।पीछे से आ रहा बाइक सवार युवक साइड मांगा।साइड नहीं मिलने से वह नाराज था। एस के स्टोन चौकी के पास ओवरटेक करके वह बस से आगे निकला और बाईक आगे खडी कर बस रुका दिया।आरोप है कि इसके बाद उसने चालक की पिटाई कर दी ।बाद में उस युवक की पहचान गेविन हैरल बॉर्जिस के रूप में हुई। वह



परिवहन ठेकेदार का बेटा बताया गया है।प्रशासन ने भी इसकी पुष्ठि की है। बताते हैं कि ठेकेदार का बेटा होना जानकर ही चालक नीचे उतरा था। परिवहन कर्मियों का कहना है कि वह उनके साथ अक्सर दुर्व्यवहार करता रहता हैं। साथी चालक की पिटाई के बाद परिवहन कर्मियों का गुस्सा फूट पडा और परिवहन सेवा बंद कर दीं। परिवहन व्यवस्थापक दिनेश कानगुडे ने बताया कि परिवहन कर्मचारियों से बातचीत कर हम बस सेवा शुरू कराने का प्रयास कर रहे हैं।

# रोजगार दिलाने के बहाने महिला के साथ की जालसाजी, आरोपी चढे पुलिस के हत्थे

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : ओमान-मस्कट देश में घरेलू कामकाज के लिए ३० हजार रुपये प्रति माह वेतन देकर नौकरी दी जाएगी बताकर ठगों ने महिला को एक ओमानी एजेंट के माध्यम से ३ लाख रुपयों में बेच दिया था। पीडित़ महिला को ठगी का एहसास हुआ तो वापस अपने देश जाने की बात कहने पर ओमानी एजेंट ने कहा कि यदि वह भारत वापस जाना चाहती है, तो उसे ३ लाख रुपये वापस करने होंगे। पीडित़ महिला ने मस्कट, ओमान में अपने परिचितों को घटना के बारे में बताया, उनसे पैसे लिए और लगभग १ लाख ६५ रुपये उक्त ओमानी एजेंट को देने के बाद अपनी जान बचाकर जैसे तैसे वापस भारत लौट आयी । पीडित महिला की शिकायत पर उक्त आरोपितों के विरुद्ध काशिमिरा पुलिस थाना में आरोपियों के विरुद्ध धारा ३७०, ४२०, ३४ के तहत मामला दर्ज किया गया था । काशिमिरा थाने के अधिकारियों एवं प्रवर्तकों द्वारा प्राप्त तकनीकी जानकारी के आधार पर उक्त अपराध



के खुलासे के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देश एवं मार्गदर्शन के आधार पर उक्त अपराध को अंजाम देने वाले आरोपी अशरफ मैदू कैवौरा, (उम्र ४६ वर्ष, निवासी कर्नाटक) एवं नमिता सुनील मालुसरे, (उम्र ४६ वर्ष निवासी घाटकोपर पश्चिम, मुंबई) को १ मार्च २०२३ को गिरफ्तार किया गया है। उक्त अपराध की आगे की जांच काशिमिरा थाने के पुलिस उप निरीक्षक सूरज जगताप कर रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, उप संपादक मोहम्मद अहमद निसार अहमद, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9004895944 Email :newsjankalyanseva@gmail.com wwwjankalyanseva.com; Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI